खुलासा साढ़े 13 लाख रूपए चोरी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा, पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

लाखों की चोरी कर भाग रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत क्षेत्र में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने गुरूवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र के कैरन लाइन निवासी अमित जैसवानी अपने घर से ही एक निजी एजेंसी का संचालन करते हैं। इस एजेंसी में जिले के माइक्रो फाइनेंस एजेंट नकदी जमा करते थे। अमित जैसवानी इस राशि को कंपनियों के पोर्टल के माध्यम से जमा करते थे, जिसे बाद में बैंकों में जमा कराया जाता था। वित्तीय वर्ष की समाप्ति और बैंकों में अवकाश के कारण अमित जैसवानी के पास करीब करीब 13 लाख रुपए की नकदी जमा हो गई थी। इसी बीच उनके सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया गया। जिसकी शिकायत अमित जैसवानी ने माधवनगर थाने में की। लाखों रूपए की चोरी की वारदात की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मौका मुआएना किया और वारदात स्थल के आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा। विवेचना के दौरान वारदात के संभावित समय पर एक संदिग्ध व्यक्ति इलाके में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटाते हुए जबलपुर की ओर भागे संदेही को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान संदेही ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक से 12 लाख 51 हजार 995 रुपए बरामद कर लिए हैं। लाखों रूपए की चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया युवक कुठला थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक निवासी मगन उर्फ राजवीर पिता छेदीलाल यादव (46) है। आरोपी से बिना नंबर का दो पहिया वाहन भी जब्त किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, उपनिरीक्षक योगेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजीत बागरी, भूवनेश्वर बागरी, आरक्षक लोकेन्द्र नवीन शुक्ला, महिला आरक्षक आरती, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश समन, जबलपुर जिले की सिहोरा थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

सड़क बनने से मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा

वैंकट वार्ड में 13 लाख रूपए से कराया जाएगा निर्माण कार्य

नवभारत, कटनी। शहर में आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए वेंकट वार्ड क्रमांक 13 में नरेन्द्र गली से आधारकाप तक सड़क निर्माण के प्रस्ताव पर मेयर इन काउंसिल की बैठक में विचार-विमर्श कर क्षेत्रीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्राथमिकता दी गई। बैठक में क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी द्वारा बताया कि क्षेत्र में सड़क के अभाव के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर दैनिक आवागमन, आपातकालीन सेवाओं और स्कूली बच्चों के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। शहरवासियों द्वारा भी लगातार यहां सड़क निर्माण कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस विषय पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत नरेन्द्र गली से आधारकाप तक सड़क निर्माण कराया जाना आवश्यक है, जिससे काफी आबादी को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा और क्षेत्र में आवागमन बेहतर होगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि सड़क निर्माण होने से न सिर्फ स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सहमति देते हुए सड़क निर्माण की अनुशंसा की गई है।

एक नजर में

जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित, आदेश जारी

नवभारत, कटनी। नरवाई में आग लगने की घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण रखने और जनसमान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले की सीमा के अंतर्गत किसानों द्वारा फसल कटाई बाद नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है यह देखा गया है कि है कि फसल कटाई के बाद किसान अपने खेतों में फसल अवशेष नरवाई को बगैर सुरक्षा उपाय के आग लगाकर जलात हैं। जिसके कारण आग लगने की घटना के साथ ही पर्यावरण में भी नुकसान होता है। फसल अवशेष में आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है और पर्यावरणीय प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही जनहानि और पशु पक्षियों की हानि की भी संभावना बनी रहती है। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि फसलों की कटाई में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कम्बाईन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिए स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से रखा जाए। कम्बाईन्ड हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। जिले में चलने वाले कम्बाईन्ड हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर या स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम की सतत निगरानी विकासखंड स्तरीय और ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति द्वारा की जाएगी। साथ ही बिना स्ट्रा रीपर और स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कम्बाईन्ड हार्वेस्टर चलाए जाने पर हार्वेस्टर मालिक पर वैधानिक कार्रवाई और जुर्माना वसूला जाएगा। नरवाई जलाने पर, जिन किसानों के पास दो एकड़ से कम जमीन है उन्हें 2 हजार 5 रूपए प्रति घटना जुर्माना, जिन किसानों के पास 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम जमीन है, उन्हें 5 हजार रूपए और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को 15 हजार रूपए प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड देना होगा। कलेक्टर ने फसल अवशेष प्रबंधन के प्रचार-प्रसार के लिए संबधित विकासखड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया है। आदेश का पालन कराने के लिए किसान कल्याण कृषि विकास विभाग के उप संचालक को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

सड़कों पर आवारा घूम रहे 25 मवेशियों को पकड़ा

नगर निगम की हाका गैंग ने मवेशियों को भेजा कांजी हाउस

नवभारत, कटनी। शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त के निर्देश पर गठित टीमों ने विभिन्न प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि सुरक्षित आवागमन के मद्देनजर नगर निगम की हांका गैंग द्वारा चंडिका नगर, बरगवां मुख्य मार्ग, डन कालोनी मोड़,माधव नगर गेट के पास, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास एमपीईबी कार्यालय के पास, जगन्नाथ चौक, चांडक पेट्रोल पंप के सामने सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 25 आवारा मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर काऊ कैचर वाहन से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण यातायात बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए लगातया अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

आपॅरेशन शिकंजा : घर की बाड़ी में छिपाकर रखी गई लाखों की शराब जब्त

कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, शराब और कार जब्त

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत अल्फर्ट गंज में धर की बाड़ी में अवैध रूप से भंडारित कर रखी गई 270 लीटर देशी शराब को जब्त किया गया है। जब्त कीगई शराब की कीमत करीब एक लाख 6 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि अल्फर्टगंज में सत्यम जायसवाल अपने घर की बाड़ी में काफी मात्रा में देशी शराब रखे हुए और उसे बेच रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान में दबिश दी गई। दबिश के दौरान वहां पर एक युवक मिला। पुलिस ने टीम ने बाड़ी की तलाशी ली तो वहां से शराब से भरे 15 कार्टून मिले। जिसके बाद पुलिस ने वहां पर मिले युवक को हिरासत में लिया। पकड़ा गया युवक बीडी अग्रवाल वार्ड निवासी सत्यम पिता विजय जायसवाल है। पुलिस ने युवक सत्यम जायसवाल के खिलाफ काफी मात्रा में अवैध शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने बताया कि 31 मार्च की रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कि बैलट घाट बरगद के पेड़ के पास एक काले रंग की कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी हुई है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने को देखकर ड्रायवर सीट में बैठा ड्रायवर भाग गया। पुलिस ने ड्रायवर सीट पर बैठे नाबालिग युवक को पकड़ा है। कार से 15 कार्टून शराब मिली है। जिसकी कीमत करीब **80 हजार** रूपए है। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, एसआई कुलदीप सिंह, एसआई किशोर कुमार द्विवेदी, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, रामपाल बागरी, आरक्षक अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, विवेक मिश्रा, मंसूर हुसैन, मोहन मंडलोई, दिनेश सेन, अजीत सिंह की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया और सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

सड़कों के निर्माण के लिए जिला पंचायत सदस्य ने लिखा सीईओ को पत्र

सड़क निर्माण से मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र सौंपकर 12 सड़कों के निर्माण कराए जाने की मांग की है।

जिला पंचायत सदस्य द्वारा दिए गए प्रस्ताव में क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में आवागमन सुविधा सुधारने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करने के लिए कहा है। प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक सड़क की लंबाई लगभग **1.50** किलोमीटर, प्रति सड़क अनुमानित लागत **20 लाख** रुपए बताई गई है। इस प्रकार लगभग 2 करोड़ **40 लाख** रुपए के विकास कार्यों की मांग की गई है। प्रस्तावित सड़कों में सिलौड़ी, लालपुर, गोपालपुर, खम्हरिया, कचनारी, पाली, अतरसूमा, गौरा, पिण्डरई, दशरमन और सनकुई ग्राम पंचायतों के विभिन्न संपर्क मार्ग शामिल हैं। इनमें सोसाइटी से गंधन रोड, बरहाटोला से पीएमश्री स्कूल, मां विरासन मंदिर से जवारा विसर्जन स्थल और महादेवी मंदिर से घटवैया मार्ग जैसे प्रमुख रास्तों का निर्माण प्रस्तावित है। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने पत्र में उल्लेख किया है कि क्षेत्र की अधिकांश सड़कें जर्जर स्थिति में होने के कारण ग्रामीणों, किसानों और छात्रों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, खातसैार पर वर्षा ऋतु में हालात और गंभीर हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से जनहित में स्वीकृति देने की मांग की है।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों में भी सकारात्मक उम्मीद देखने को मिल रही है। सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

पानी की एक-एक बूंद बचाने का दिलाया संकल्प

जनपद पंचायत बड़वारा में आयोजित की गई बैठक

नवभारत, कटनी। जनपद पंचायत बड़वारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत वार सृजित किए गए मानव दिवस की समीक्षा की। सीईओ प्रभा तेकाम ने ग्राम पंचायतों को लेबर नियोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। सीईओ ने निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें पानी की एक-एक बूंद बचाने का संकल्प दिलाया जाए। बैठक में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

हनुमान जयंती पर हुए भंडारे, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

मंदिर सहित कई स्थानों में किया गया आयोजन

नवभारत, उमरियापान। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। राम भक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। नगर के बावली मंदिर, ब्यौहार मुहल्ला, पुरवा मुहल्ला, झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड हरदी कुटी पचपेड़ी मंदिर और बाजार रोड सहित कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद भक्तों ने सेवा भाव से भंडारे का आयोजन कर लोगों को भोजन कराया। पूरे दिन नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग किया।

श्रद्धालुओं का कहना था कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में भाईचारा और सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष नगर निगम ने की रिकॉर्ड टैक्स वसूली

नवाचार और लगातार मॉनीटरिंग से मिली सफलता

नवभारत, कटनी। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष **2025-26** में राजस्व वसूली के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए नया इतिहास रच दिया है। निगम द्वारा संपत्तिकर, जलकर, किराया, अन्य मदों में की गई प्रभावी वसूली के कारण इस वर्ष अब तक की सर्वाधिक राशि 39.24 करोड़ जमा कराई गई है। पिछले वर्ष की तुलना में यह टैक्स वसूली 58.16 फीसदी अधिक है। निगमायुक्त तपस्या परिहार की वसूली को लेकर समय-समय पर दिए गए निर्देशों के परिणामस्वरूप ही वसूली में यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने में सफलता हासिल की जा सकी। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष वसूली अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष राजस्व में भारी वृद्धि दर्ज की गई। संपत्तिकर, जलकर, किराया और अन्य मदों में अभूतपूर्व वृद्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि सुनियोजित रणनीति और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई लक्ष्य असंभव नहीं है। नगर निगम की वित्तीय वर्ष **2024-25** एवं **2025-26** की तुलनात्मक वसूली अनुसार संपत्ति कर में वित्तीय **2024-25** में जहां 12.83 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे वहीं वित्तीय वर्ष **2025 -2026** में 16.47 करोड़ रुपए की वसूली की गई है, इसी प्रकार जलकर वसूली में वित्तीय वर्ष **2024 - 2025** में 4.4 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे वहीं वित्तीय वर्ष **2025-26** में 6.95 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। वहीं बाजार किराया राशि वित्तीय **2024-25** में जो 1.52 करोड़ रुपए प्राप्त हुई, वहीं वित्तीय वर्ष **2025 -2026** में 1.71 करोड़ प्राप्त हुई है। जबकि विविध शुल्क के रूप में वित्तीय **2024-25** में जहां 5.1करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वो इस वित्तीय वर्ष **2025 -2026** में 13.38 करोड़ रूपए जमा कराए गए है। इस उपलब्धि का श्रेय नगर निगम ने करदाताओं को दिया है।

भ्रमण कलेक्टर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों को पैदल भ्रमण, अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

उबड़-खाबड़ रास्ते में चलकर गांव पहुंचे कलेक्टर, देखा अमृत सरोवर का निर्माण कार्य

नवभारत, उमरियापान। कलेक्टर ने उमरियापान, टोपी, महनेर और दियागढ़ में औचक रूप से पहुंचकर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने भनपुराकला, बनिया नाला में करीब 24 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण करने चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी के बीच करीब 3 किलोमीटर लंबे उबड़-खाबड़ पहाड़ी के पथरीले रास्तों में पैदल चलकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा कराने की हिदायत दी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत घुघरा के ग्राम टोपी में नलजल योजना का अपने समक्ष ग्राम पंचायत सचिव रामदयाल पटेल और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत को हस्तांतरित कराया। इसके पहले कलेक्टर ने ग्राम हरदी में पहुंचकर नलजल योजना का गांवों में भ्रमण कर जायजा लिया और यहां के सरपंच जयकरण कोल सहित ग्रामीणों से घरों में पानी पहुंचने की पूछताछ की जिस पर लोगों ने बताया कि पानी पर्याप्त आता है। इस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि नलजल योजना को जल्द हस्तांतरित करने की कार्रवाई करें। उन्होंने पंचायत के सरंपच और सचिव को कहा कि वे लोगों से जल कर की वसूली करें, ताकि समय पर बिजली का बिल जमा हो सके और बिजली का कनेक्शन न कटे, ताकि सुगम रूप से गांव में पानी की आपूर्ति होती रहे। कलेक्टर यहां के गांवों की गलियों में 1.5 किलोमीटर घूमकर घर-घर पहुंचे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से पूछा कि नलों में पानी आ रहा है कि नहीं। इस पर सभी ने बताया कि यहां किए गए सभी 98 घरों के नल कनेक्शन में प्रतिदिन पानी आ रहा है। इसके बाद कलेक्टर ने यहां गांव में स्थित आंगनबाड़ी के नियमित खुलने की जानकारी गांववालों से ली और जनगणना के लिए मकान के नंबरिंग कार्य के संबंध में भी पूछताछ की। यहां कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर आयुष्मान कार्ड बने होने और फार्मर आईडी बनवाने की समझाईश लोगों को दी। अपनी मौजूदगी में उन्होंने पटवारी सुशीला कुलस्ते से ग्रामीण वृंदावन व विपिन पटेल की फार्मर आईडी बनी है का औचक अवलोकन किया। जिस पर फार्मर आईडी बनी होना पाया गया। कलेक्टर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान के निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली। कलेक्टर ने यहां मौजूद रहे डॉक्टर राजेश सोनी को कैंप लगाकर सर्वाइकल कैंसर के एचपीव्ही टीकाकरण का सौ फीसदी लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने की गति को तेज करने के निर्देश मौके पर मौजूद डॉक्टर को दिए।